# डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

## मंडी क्षेत्र में हुई घटना, चचेरे भाई के साथ बिलासपुर से लौट रहा था गांव बिहारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पानीपत खटीमा मार्ग के सिखेडा क्षेत्र में तेज गति से आई डीसीएम ने बाइक सवार युवकों को रौंद डाला जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दूसरा चोटिल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को जिला अस्पताल पहुंचाया, इसके बाद पुलिस द्वारा दी गई सूचना मिलने पर परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे।



सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव बिहारी निवासी लियाकत गांव में ही प्रचून की दुकान चलाता है और वह खेतीबाडी भी करता है बताया जाता है कि लियाकत का बेटा आयान दिल्ली में डेंटिंग का काम करता है और दो दिन पूर्व वह अपने परिवार से मिलने गांव बिहारी आया था। आयान गुरूवार की सवेरे अपनी खानदानी बहन की ससुराल ग्राम बिलासपुर आया था आयान के साथ उसका चचेरा भाई भी था शाम के समय आयान और उसका चचेरा भाई बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस लौटने लगे। जब वह नई मंडी क्षेत्र के शेरनगर से आगे निकले तो अचानक तेज गति से आई डीसीएम ने बाइक सवारो को अपनी चपेट में लेकर रौंद डाला। आयान और उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर पडे रहे खून से लथपथ देखकर राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मंडी पुलिस ने उन्हे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने आयान को मृतक घोषित कर दिया, जबकि उस के चचेरे भाई को हल्की-फुल्की चोटे आई। जैसे ही यह खबर परिवार वालों को लगी तो यहां कोहराम मच गया और ग्राम प्रधान और परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### कुत्ते को बचाते समय कार दुकान में घुसी

मंडी क्षेत्र के गांव कूकडा में सामने आए कुत्ते को बचाते समय कार दुकान में घुसने के बाद क्षतिग्रस्त हो गई जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि मंडी क्षेत्र के गांव कूकडा में एक कार गुजर रही थी अचानक ही सामने कुत्ता आया तो चालक ने उसको बचाने के लिए अचानक गाडी के ब्रेक लगा दिए। जैसे ही चालक ने कार मोडने का प्रयास किया तो संतुलन बिगडने के कारण अनियंत्रित हुई कार एक दुकान में जा घुसी। इस समय यहां कोई भी ग्राहक मौजूद नहीं था, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# नशे में धुत्त पड़े युवक की मौत

## पुलिस ने शव पीएम भेजा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भयंकर शीतलहर की चपेट में आकर एक नशेड़ी युवक ने दम तोड दिया। युवक की मौत को लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव कुरावा निवासी लगभग 34 वर्षीय अंकित कुमार पुत्र सुभाष सिंह नशे का आदि बताया जा रहा है। वह लगभग हर समय नशे में टुन्न रहता था। घर के लोग भी उसकी इस लत से बहुत ही दुखी थे। उन्होंनें उसकी लत छुडवाने के लिए डाक्टरों को दिखाया लेकिन उसने नशे की लत नहीं छोड़ी। इस गांव के ग्राम प्रधान द्वारा जानकारी दी गई कि अंकित कभी जनपद बागपत के कस्बा बड़ौत में रहता था। वह दो दिन पहले ही गांव में आया था। उसने बीते दिन शायद शराब का अत्यधिक सेवन कर लिया था। शराब का सेवन करने के बाद वह रात में घर नहीं आया तो उधर बृहस्पतिवार की सुबह के समय किसान अपने खेत पर गये तो देखा कि एक खेत में अंकित खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। तब इसकी सूचना किसान ने उसके परिजनों को दो तो परिजन मौके पर आए और उसको चिकित्सक के यहां पर ले गये तो उसने अंकित को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि उसका शरीर ठंड के मारे अकड़ा हुआ था। शायद वह नशे में बेसुध होकर खेत में ही गिर गया और पूरी रात खुले आसमान के नीचे ही पड़ा रहा जहां पर उसने भयंकर शीतलहर के कारण दम तोड दिया। सूचना पाकर फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और रोते बिलखते परिजनो को सांत्वना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि युवक की मौत कैसे हुई इसके बारे में अभी कुछ भी नहीं जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लगेगा कि किस कारण मौत हुई है। फिलहाल मृतक युवक का बिसरा सुरक्षित कर प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। उधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा है।

# शहर से देहात तक नए साल के स्वागत का मना जश्न

**मुजफ्फरनगर।** रात भर चले नए साल के जश्न में शहर से लेकर देहात तक लोग 12 बजते ही 2026 के स्वागत में आतिशबाजी करते झूमते नजर आए।

गुरुवार को नए साल कि पहली सुबह मंदिरों में श्रद्धा उमड़ पड़ी। लोगों ने नए उत्साह और नई उम्मीदों के पूजन कर मंगल कामना की। दफ्तरों से लेकर प्राइवेट स्थलों तक पर एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देने का दौर चलता रहा। 2025 को अलविदा और 2026 के स्वागत के लिए जिले भर में अनगिनत कार्यक्रम आयोजित हुए। कुछ लोगों ने सादगी तो कुछ ने धूमधडाके के साथ नया - साल का स्वागत किया गया। रात भर - युवाओं की टोलियां इधर से उधर दौड़ती रही। रात भर जश्न का दौर चलता रहा। जैसे ही रात के 12 बजे तक पहले से तैयार बैठे लोगों ने आतिशबाजी शुरू कर दी, जो देर रात पर बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ, जो सुबह तक चलता रहा। लोगों ने 2026 की पहली सुबह की शुरूआत पूजा अर्चना के साथ की। इसके अलावा नई मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर, बाला जी धाम मंदिर, गांधी कॉलोनी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली। पूजन करके आए श्रद्धालुओं का कहना था किनया वर्ष सबके लिए सुख और समृद्धि लेकर आए। का तांता लगना शुरू हो गया था। भक्तों ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक ने अपनों के मंगल की कामना की। इसके अलावा नई मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर, बाला जी धाम मंदिर, गांधी कॉलोनी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली। पूजन करके आए श्रद्धालुओं का कहना था कि नया वर्ष सबके लिए सुख और समृद्धि लेकर आए।

# सड़क निर्माण में अनियमित्ता पर कार्यवाही न होने से भूख हड़ताल पर बैठे सुमित मलिक



### डीएम के निर्देश पर सीडीओ ने रिपोर्ट में पाया था भ्रष्टाचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पीनना से चरथावल को जोड़ने वाले राजवाहे की पटरी पर बनाई गई सड़क के निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए ठोस कार्रवाई न होने पर आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। उनके समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग भी धरने पर पहुंचे और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई।

दरअसल शिकायत में मांग की गई थी कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को भी तलब किया गया। जांच के बाद सीडीओ ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी, जिसमें सड़क निर्माण को निम्न गुणवत्ता का बताया गया और शिकायत में लगाए गए आरोपों को सही ठहराया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने भी इस प्रकरण में कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए बताया था कि जांच रिपोर्ट शासन को प्रेषित कर दी गई है। हालांकि, काफी समय बीत जाने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई न होने से शिकायतकर्ता और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# होटल व फैक्ट्री पर 18.80 लाख का जुर्माना

## मुख्यालय की टीम ने निरीक्षण के बाद मानक पूरा न करने वालों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के होटल व फैक्ट्रियों में प्रदूषण फैलाने व मानकों का पूरा नहीं करने पर जुर्माने की कार्रवाई हुई है। होटल ग्रैंड हेवन और एस्जेक यूपी स्टील फैक्ट्री पर 18.80 लाख का जुर्माना लगा है। इसके अलावा कई पेपर मिल को नोटिस जारी किया है।

**दिसंबर महीने में आई थी मुख्यालय टीम के निरीक्षण के बाद लगा जुर्माना:** दिसंबर में अलीगढ़ एवं लखनऊ से आई स्टेट कंट्रोल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम की टीम द्वारा हुई छापेमारी में नगर स्थित होटल ग्रैंड हेवन को पर्यावरण क्षति पहुंचाने का दोषी माना है। इसके चलते होटल में जल प्रदूषण समेत विभागीय मानक अधूरे मिलने पर कार्रवाई की गई है। लखनऊ मुख्यालय की संस्तुति पर होटल पर 1.80 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। वहीं मंसूरपुर स्थित एस्जेक (यूपी-स्टील) फैक्ट्री में हुई जांच में कमी मिलने पर तीन भट्टियों को टीम ने सील किया था, जिसकी रिपोर्ट लखनऊ मुख्यालय भेजी गई थी। सीएक्यूएम की रिपोर्ट भी उक्त फैक्ट्री के खिलाफ आई थी। इसके चलते फैक्ट्री पर 17 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक अभियंता कुंवर संतोष कुमार की ओर से हेवेन होटल, एक्जेक के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है।

**पेपर मिल सहित कई ईकाइयों को नोटिस जारी:** इनके अलावा जट मुझेड़ा स्थित परिजात पेपर मिल, धंधेड़ा स्थित एसके पेपर मिल, भोपा रोड की सिल्वर टन इंडस्ट्रीज, प्रिंस मेटल को वायु प्रदूषण की रोकथाम पर्याप्त नहीं मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जानसठ रोड की फिरोज मैटल फैक्ट्री को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले भी 19 पेपर मिलो को प्रदूषण बोर्ड की टीम ने जांच के बाद कारण बताओ नोटिस भेजा था। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि लखनऊ से संस्तुति के बाद एक होटल व फैक्ट्री पर जुर्माना लगा है। दोनों की जुर्माना धनराशि मिलाकर 18.80 लाख रुपये बैठती है, जो विभाग में जमा कराई जाएगी।




मुजफ्फरनगर: पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते सपा नेतागण

# सपाइयों ने भाजपा सरकार को जनविरोधी करार दिया

## पीडीए संगोष्ठी में महापुरूषों को पुष्प अर्पित किए, संगीत सोम पर बरसे जिया चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सपा नेताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधते हुए महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को जनजीवन की सबसे बड़ी समस्याएं बताते हुए भाजपा सरकार को जनविरोधी करार दिया।

महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को महापुरुष सम्मान पीडीए विचार संगोष्ठी के उपरांत आयोजित प्रेसवार्ता में सपा शिक्षा सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र पाल ने बताया कि उन्होंने एक वर्ष पूर्व संकल्प लिया था कि वे सभी महापुरुषों की जयंती पर उनकी तस्वीर लेकर साइकिल यात्रा के माध्यम से सपा जिला कार्यालय पहुंचेंगे और वहां उन्हें समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज उस संकल्प के पूर्ण होने पर महापुरुषों के सम्मान में पीडीए संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। सतेन्द्र पाल ने कहा कि वर्तमान सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से लोग त्रस्त हैं, लेकिन सरकार का ध्यान इन मुद्दों की ओर नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुटने और इसके लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, जिनका कोई ठोस समाधान नजर नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार सदन में जनहित से जुड़े मुद्दे उठाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें गंभीरता से नहीं ले रही। जिया चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार में दलित और मुस्लिम वर्ग की सुनवाई नहीं हो रही है तथा भाजपा समाज को बांटने की राजनीति कर रही है। उन्होने ठाकुर संगीत सिंह सोम पर भी निशाना साधा।

पूर्व सांसद कादिर राणा ने सतेन्द्र पाल की साइकिल यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि महापुरुषों के प्रति श्रद्धा भाव से किया गया यह प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी महापुरुषों का समान रूप से सम्मान करती है। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के चुनाव को लेकर अभी से संगठित होकर जुट जाने का आह्वान किया। इस दौरान राकेश शर्मा, इलम सिंह गुर्जर, सोमपाल भाटी, साजिद हसन, अंसार आढ़ती, पूजा आंबेडकर, सभासद नौशाद खान, शहजाद चीकू, शमशेर मलिक, सलीम मलिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता रहे।

# रेलवे का सामान चोरी करने वाला गिरोह दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है जो लोगों की जान जोखिम में डालने का काम कर रहा था यह गिरोह रेलवे ट्रेक से पैन्ड्रोल क्लिप चोरी कर उनको कबाडियों को बेच देता था पुलिस ने इस गिरोह के साथ रेलवे से चोरी किया गया सामान खरीदता था। पुलिस ने इनके कब्जे से 326 पेन्ड्रौल क्लिप एक ट्रैक्टर-ट्राली और दो तमंचे कारतूस व एक चाकू बरामद किया है।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा न पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर पुलिस ने डेडिकेटिड फेट कारिडोर व रेलवे ट्रैक से पैन्ड्रल क्लिप चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। इन घटना का मुकदमा मंसूरपुर थाने में दर्ज हुआ था। उन्होने जानकारी दी कि सूचना के आधार पर पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया और एनएच-58 से बेगराजपुर जाने वाले रास्ते से बदमाशों को गिरफ्तार कर 326 पेड्रल क्लिप, ट्रैक्टर-ट्रॉली व अवैध असलाह बरामद किया। उन्होने बताया कि पकडे गए आरोपियों के नाम मोहित पुत्र पवन सैनी, रोहित पुत्र नन्द किशोर, निशु पुत्र चन्द्रपाल नि0 जडौदा थाना मंसूरपुर, प्रवीण उर्फ भूरा पुत्र जिले सिंह नि0 ग्राम भोरा खुर्द थाना भोराकला हाल निवासी मौ0 जनकपुरी थाना सिविल लाईन है। एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह रैकी करने के बाद यह सामान कबाडियों को बेचता था इन्होने मंसूरपुर और जनपद मेरठ के परतापुर कंकरखेडा रेलवे से सामान चोरी किया था।

# अब आयुर्वेद के अस्पतालों में भी चिकित्सक कर सकेंगे सर्जरी

## फोड़े-फुंसी, नाक, कान, गले व बवासीर की कर सकेंगे सर्जरी

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** एलोपैथी सरकारी अस्पतालों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए अब आयुर्वेदिक अस्पतालों में सर्जरी करने की मंजूरी दी गई है। सीसीआईएम द्वारा दी गई मंजूरी के बाद अब छोटे-मोटे ऑपरेशन आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में होने से एलोपैथी सरकारी अस्पतालों में भीड़ कम होने के आसार हो जाएगे। साल 2026 में आयुर्वेदिक डॉक्टरों को सर्जरी करने की अनुमति मिलने की संभावना है। जिससे वह टांका लगाने, बवासीर, फोडा-फेंसी और नाक-कान से जुडी सर्जरी कर सकेगे।

**भारतीय चिकित्सा केन्द्र परिषद** (सीसीआईएम) ने प्रदेश के बीएचयू, राजकीय एवं निजी आयुर्वेद कॉलेजों में सर्जरी की परास्नातक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को सर्जरी करने की अनुमति दी है, हालांकि इसे लागू करने के लिए गाइडलाइन तैयार की जा रही है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू किया जा सकता है। वहीं इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के विरोध करने की चर्चाए भी है।

**छात्रों को मिलेगा छह माह का प्रशिक्षण:** नई गाईडलाइन में यह प्रावधान किया जा रहा है कि आयुर्वेदक परास्नातक डिग्रीधारी डॉक्टरों को छह माह तक एलोपैथी चिकित्सालयों में विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, इससे आयुर्वेद के डॉक्टर इमरजेंसी में प्रबंध, एलोपेथी से होने वाली सर्जरी में सावधानी बरती जा सके। आयुर्वेद के उच्च अधिकारियों की माने तो नये सीरे से नियमावली की तैयारी कराई जा रही है, अन्य राज्यों में शुरू की गई व्यवस्था का भी आकंलन किया जा रहा है। आयुर्वेद में सर्जरी की पढ़ाई भी की जाती है और सर्जरी की अनुमति मिलने से मरीजों को फायदा होगा। आयुर्वेद अस्पतलों में इसके लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। उच्च अधिकारियो की माने तो आयुर्वेद के ऊपर विश्वास सदियों से रहा है अब आयुर्वेद चिकित्सालय को आपॅरेशन की अनुमति मिलने की संभावना बढ़ गई है। आज के समय भी लोग आयुर्वेद की दवाईयों पर अधिक विश्वास करते है।

इससे मरीजों को रिएक्शन न होने की संभावन रहती है। और इससे दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता। कोरोना काल के दौरान भी आयुर्वेद दवाईयों का प्रयोग किया गया था जिससे मरीजों को आराम मिला था आयुर्वेद से मिले लाभ की वजह से लोग इसको स्वीकार भी कर रहे है इसमें लीवर संबंधी इलाज और इम्युनिटी के लिए एलोपैथ के डॉक्टर कई तरह की आयुर्वेदिक दवाईयों का इस्तेमाल करते है। बताया जाता है कि अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक एलेपौथ और एक आयुर्वेद का डॉक्टर होता है। देखा जाए तो सभी अस्पतालों में एलौपेथ के साथ आयुर्वेद की चिकित्सा और चिकित्सा अधिकारी भी अपनी सहभागीता निभाते है।

इसी को देखते हुए दोनो प्रणाली का एकीकरण भी किया जा रहा है। अब सिर्फ एक ही प्रणाली पर निर्भर रहने के बजाए शुगर, हृदय रोग और बढ़ते मोटापे जैसी समस्यां में आयुर्वेद और एलोपैथी दोनो को मिलाकर इससे मरीजों का उपचार किया जा रहा है, हालांकि 2016 में ही आयुर्वेद के चिकित्सकों को एलोपैथ की दवाईयों को लिखने की अनुमति दी गई थी, लेकिन यह आदेश उस अस्पताल के लिए था जहां एलोपैथ के डॉक्टर नहीं है।








# बेसहारा लोगों के लिए उपहार लेकर भ्रमण पर निकलीं मीनाक्षी

### रैन बसेरे सहित पालिका की व्यवस्थाओं को परखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कड़ाके की ठंड के बीच नगर पालिका परिषद् द्वारा बेसहारा और आश्रयहीन लोगों को राहत पहुंचाने के लिए संवेदनशील और जिम्मेदार पहल की जा रही है। इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने रात्रिकालीन नगर भ्रमण कर शीतलहर से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शहर में बेसहारा, जरूरतमंद और आश्रयहीन लोगों की सुध लेने के उद्देश्य से देर रात्रि नगर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर जलाए जा रहे अलावों की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि ठंड से बचाव के सभी उपाय प्रभावी रूप से लागू हों। नगरपालिका अध्यक्ष ने आश्रय स्थलों और सड़कों पर रह रहे परिवारों एवं व्यक्तियों से सीधे संवाद कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई गई रैन बसेरा व्यवस्था की जानकारी देते हुए लोगों से अपील की कि वे ठंड के मौसम में सुरक्षित और गर्म रैन बसेरों में ही ठहरें।

रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित नगर पालिका के रैन बसेरे का भी उन्होंने निरीक्षण किया। यहां संचालन, साफ-सफाई, प्रकाश, बिस्तर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका द्वारा रैन बसेरों में कंबल वितरण भी किया गया, जिससे वहां ठहरे जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने इस अवसर पर कहा कि नगर पालिका परिषद् का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा और सुरक्षा पहुंचाना भी हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सेवा, संवेदना और सामाजिक दायित्व के संकल्प के साथ जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असहाय न रहे, इसके लिए नगर पालिका पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। इस अवसर पर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभासद पति शोभित गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें, एक रात में दो सड़क हादसे

■ तेज रफ्तार वाहनों के टकराने से कई घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार रात्रि क्षेत्र में छाए घने कोहरे और कम दृश्यता के चलते अलग-अलग स्थानों पर दो सड़क दुर्घटनाएं हो गईं। हादसों में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने राहगीरों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेुर कर दिया। पहली दुर्घटना खतौली मीरापुर मार्ग पर घटायन मोड़ के पास हुई। बताया गया कि तेज गति से जा रहे मिनी छोटा हाथी वाहन के सामने अचानक नीलगाय आ गई। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हालांकि चालक को मामूली चोटें आईं और वह बाल-बाल बच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य कराया। दूसरी घटना जीटी रोड स्थित बसंत तिराहे पर बरकत होटल के सामने हुई, जहां एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता कम थी और तेज रफ्तार बाइक ट्रक से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार बिल्लू पुत्र रामफल और उसका दोस्त अश्वनी पुत्र मांगेराम, निवासी ग्राम नावला थाना मंसूरपुर, गंभीर रूप से घायल हो गए। बिल्लू के पैरों पर ट्रक का पहिया चढ़ जाने से उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायलों को तुरंत खतौली सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मेरठ के हायर सेंटर रेुर कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार रात्रि में मौसम बदलने के साथ अचानक घना कोहरा छा गया, जिससे सड़क पर कुछ भी दिखाई देना मुश्किल हो गया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान सावधानी बरतें, धीमी गति से वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें।

# महिला से तेरह लाख से अधिक की ठगी का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** साइबर ठग ने अधिक पैसा कमाने का लालच देकर एक महिला से तेरह लाख से अधिक की ठगी कर ली है इस घटना का मामला थाना साइबर क्राइम में दर्ज कराया गया है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गांधी कॉलौनी निवासी सुभागी त्यागी ने साइबर थाना क्राइम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि अगस्त माह में उसने इंस्टाग्राम वीडियो देखते समय मेरे मोबाइल फोन पर एक वर्क फ्रोम के नाम से एक विज्ञापन देखा इसको क्लीक किया तो उसको टेलीग्राम डाउनलोड करने के लिए ऐप पर ले गया। जब मैने उक्त एप डाउनलोड किया तो इस लिंक के माध्यम से एक विभाग के टेलीग्राम पर ले जाया गया हमे बीटीसी के शेयर खरीदने व बेचने के लिए टास्क देते थे। जब मैने एक हजार रूपये इनवेस्ट किए तो मुझे बारह सौ रूपये दिए गए। इसके बाद अधिक पैसा कमाने का लालच देकर मेरा एक डीमेंट एकाउंट खुलवाया गया और उसको पैसे बढाकर दिये गये। इसके बाद मैने विश्वास कर अधिक पैसा कमाने के लिए ट्रेडिंग करने के लिए कहा गया तो एक खाते से बीस अगस्त 2025 यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के खातेधारक शादाब से एक खाते के आईएफएससी के तीस हजार रूपये 20 अगस्त 2025 को मौ. जाकिर खान के पेटीएम में एक बार 2000 और 8000 रूपये अलग-अलग तारिकों में डाले गए इसे बाद 70 हजार और 50 हजार, 30 हजार, 43 हजार से अधिक और अलग-अलग तारिकों में डाले गए। इसके बाद 04.09.2025 को यूपी ग्रामीण बैंक के एक खाते में एक लाख 50 हजार रूपये डाले गए और इसके बाद 22 लाख 59 हजार से अधिक रूपये उन्हे दिखाए गए। जब मैने उक्त पैास निकालने का प्रयास किया तो उन्हे यह कहा गया कि तुम्हे इसके लिए टैक्स देना होगा। इसमें टैक्स के नाम पर चार लाख 53 हजार से अधिक जमा करने की बात कही गई, लेकिन इसके बाद उसे एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी की गई है पीडिता ने बताया कि साइबर ठग ने 13,33,000 रूपये की ठगी की है। साइबर थाने की पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

# भागवत पीठ में 1.50 करोड़ से श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा : डीएम

**मोरना।** नववर्ष 2026 के शुभारंभ पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने शुकतीर्थ के भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम पहुँचकर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज को नववर्ष की शुभ मंगल कामनाएँ प्रेषित की। स्वामी जी ने भी उन्हें शाल माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। डीएम ने कहा कि नए साल में पर्यटन विभाग की ओर से भागवत पीठ का दिव्य और भव्य स्वरुप बनाया जायेगा।

श्री शुकदेव आश्रम पधारे डीएम उमेश मिश्रा ने महाभारत कालीन सि) अक्षय वट की परिक्रमा कर श्री शुकदेव मंदिर में दर्शन और पूजन किया। डीएम ने अक्षय वट परिसर का अवलोकन कर भागवत पीठ के सौन्दर्यकरण पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से वार्ता की। डीएम ने कहा कि पर्यटन विभाग से 1.50 करोड़ बजट में श्री शुकदेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शन को सुलभ बनाने को विशेष निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो जायेगा। शुकतीर्थ धाम में मुख्यमंत्री विकास योजना के अंतर्गत जो भी निर्माणाधीन कार्य हो रहे है, उन्हें वर्ष 2026 में पूरा किया जायेगा। ट्रस्टी ओमदत्त देव, रमेश मलिक, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य विकास, विजय शर्मा, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।उधर, श्री शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में डीएम उमेश मिश्रा ने आचार्यो, विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती पूजन किया तथा शिक्ष ऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। डीएम ने विद्यार्थियों को नववर्ष के उपलक्ष्य में ऊनी वस्त्र और मिष्ठान भेंट किया। प्रधानाचार्य आचार्य गिरीश चंद उप्रेती, आचार्य अतुल, आचार्य युवराज आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख आनन्द कुमार को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं वर्तमान क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख आनन्द कुमार की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज, केशवपुरी के प्रांगण में किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने आनन्द जी के साथ व्यतीत किए गए पलों के अपने अनुभवों को साझा किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। आनंद का जन्म वर्ष 1959 में आगरा में श्री बसंत लाल अग्रवाल एवं सावित्री देवी अग्रवाल के परिवार में हुआ। तहसील प्रचारक, जिला प्रचारक आदि विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए आप 1992 में सहारनपुर विभाग के सह - विभाग प्रचारक बने उस समय लक्ष्मीनगर में कार्यालय केन्द्र बना। सह विभाग प्रचारक रहते हुए ही आनंद के पास प्रांत के सेवा प्रमुख का भी दायित्व था। सहारनपुर के बाद आप नैनीताल तथा गाजियाबाद में विभाग प्रचारक रहे। उसके बाद मेरठ प्रांत के सह -प्रांत प्रचारक के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन किया ।आनंद के आकस्मिक निधन से निश्चित ही समाज एवं संगठन की अपूर्णय क्षति हुई है। कार्यक्रम की सुचना देते हुए सह प्रचार प्रमुख सीताराम, विभाग संचालक हरबीर आर्य जी, विभाग प्रचारक भूपेंद्र, मान्य जिला संघ चालक डॉक्टर तेजवीर, जिला कार्यवाह संजय लखान,पूर्व सांसद संजीव बालियान, लोकेन्द्र,सतीश, हितेश, विकास, धर्मेंद्र, मोहन , अरुण खंडेलवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी जी,आशीष, संदीप, उत्कृष, भाजपा से श्रीमोहन तायल, संजय अग्रवाल, संजय गर्ग, सुधीर आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा से ही आएगा परिवर्तन : जसवंत सैनी

**मुजफ्फरनगर।** महाराजा शूर सैनी जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को शहर के रामलीला टिल्ला मैदान में सैनी समाज द्वारा छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि समाज की प्रगति का रास्ता शिक्षा से होकर गुजरता है। बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देकर ही सामाजिक और आर्थिक क्रांति लाई जा सकती है। उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री श्यामबीर सिंह सैनी ने बेटियों की शिक्षा और उनके करियर निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। आरक्षण आंदोलनकारी कार्यकर्ता राकेश सैनी ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आ]वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी चरण सिंह सैनी ने की तथा संचालन

इस अवसर पर रामकुमार सैनी, राजू सैनी, रामनिवास सैनी, मनोज सैनी, सुषमा सैनी, शालू सैनी, रितु सैनी, डॉ. विकास सैनी, आभा सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. शीशपाल सैनी ने किया।

# चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## लोगों ने सभासद इमरान कुरैशी का भी जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी के प्रस्ताव पर मोहर लगने के कुछ ही दिनों बाद वार्ड 13 में शुरु हुए ताबड़तोड़ विकास कार्यो का निरीक्षण ठेकेदार को साथ लेकर बुढ़ाना नगर पंचायत की महिला चौयरपर्सन के प्रतिनिधि एडवोकेट अभिनव त्यागी के द्वारा बारीकी से किया गया।

जहां पर कमियां थी वह ठेकेदार को बताकर अपने सामने दुरुस्त कराई गयी। वार्ड नंबर 13 में फिलहाल कई दिनों से बुढ़ाना नगर पंचायत की और से सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस रोड का प्रस्ताव विगत दिवस हुई बोर्ड की बैठक में वार्डवासियों की समस्याओं को देखते हुए यहां के सभासद इमरान कुरैशी के द्वारा रखा गया था। जो कि सर्व सम्मति से पास



हुआ और अब इस रोड का निर्माण कार्य शुरु भी कर दिया गया है। बृहस्पतिवार के दिन चौयरपर्सन के प्रतिनिधि अभिनव त्यागी पैदल ही सड़कों पर उतरे और विकास कार्यो का निरीक्षण किया। जिसमें उनको मौहल्ले के लोगों ने अन्य समस्याएं भी बताई। जिसको उन्होंने जल्दी ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। यह रोड नवाब अहमद के मकान से लेकर नफीस अब्बासी के मकान तक बनाया जा रहा है। जिसको लेकर मौहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल है और सभी चेयरपर्सन उमा त्यागी की प्रशंसा कर रहे हैं।

# पहले दिन हजारों लोगों ने की मां शाकुम्भरी देवी की पूजा

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** श्री शाकम्भरी देवी सिद्धपीठ उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर में जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी दूर उत्तर की और शिवालिक पर्वत के आंचल में भगवती शिवा विश्वेश्वरी माता श्री शाकम्भरी देवी जी का पावन दरबार स्थित है। शाकंभरी माता के धाम आने के लिए सहारनपुर शहर में ही स्थित बेहट बस अढे से हर आधा घंटा के अंतराल में बसों का आवागमन होता रहता है जोकि देवी के धाम में डेढ़ घंटे में पहुंचा देती है। नवरात्र के दिनों में विशेष बसें भी माता श्री शाकम्भरी देवी मेले के निमित्त चलाई जाती है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। शाकंभरी माता का पार्किंग एरिया बहुत बड़ा है जिसके चलते भक्त ज्यादातर अपने वाहनों से ही आते हैं भीड़ अधिक होने पर पार्किंग भव्य प्रवेश द्वार के निकट गांव नांगल माफी में बना दी



जाती है जोकि भवन से लगभग ढाई किलोमीटर पहले है। आम दिनों में भवन तक वाहन चले जाते हैं।

प्रथम पूज्य श्री बाबा भुरादेव जी मंदिर माता शाकम्भरी देवी भवन से सवा किमी पहले यह प्रथम पूज्य श्री भुरादेव जी बाबा का मंदिर है जहां सिंहासन पर मध्य मे बाबा जगन्नाथ जी बांयी और सबसे छोटी प्रतिमा बाबा मंगलदेव जी और दायीं और बाबा भुरादेव जी विराजमान हैं। बाबा भुरादेव माता श्री शाकम्भरी देवी जी के पहरेदार और क्षेत्र के संरक्षक देवता हैं जिनको रुरू भैरव या काल भैरव का स्वरूप माना जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि भगवान भैरव रूप भुरादेव जी माता श्री शाकम्भरी देवी जी की सेना के सेनापति है। जब माता का इस क्षेत्र मे असुरों से भीष्ण युद्ध हुआ था बाबा भुरादेव जी ने असुरों के विरुद्ध माता का साथ दिया था और अंत मे वीरगति को प्राप्त हुए। तब भगवती जगदम्बा ने उनको जीवित कर प्रथम पूजा का वरदान दिया था। आज भक्त माता के दर्शन से पहले बाबा जी के ही दर्शन करते हैं तब इस पंचकोसी सिद्धपीठ की परिक्रमा का फल उनको मिलता है अन्यथा नही।

### माता शाकंभरी देवी का प्रमुख प्रसाद है सराल

सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर हलवा पुरी ,इलायची दाना ,मेवे और मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया जाता है। हालांकि मान्यता है कि वेदों में स्थित सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी का प्रमुख प्रसाद सराल बताया गया है जो अक्सर शिवालिक पहाड़ियों पर ही पाया जाता है ।मान्यता है कि देवताओं की भूख मिटाने के लिए माता शाकंभरी देवी ने शाक सराल आदि पफल उत्पन्न किए थे। जिसमें सराल का प्रसाद प्रमुख माना गया है।

### शाकंभरी माता के दर्शनों से पहले बाबा भूरादेव के दर्शन करने की महत्ता

देवताओं एवं दैत्यों के बीच चल रहे युद्ध के दौरान धर्म की रक्षा के लिए मां भगवती का परम भक्त भुरादेव अपने साथियों के साथ युद्ध में उतरे थे। युद्ध के दौरान अपने भक्त भूरादेव को घायल देखकर करुणामयी माता शाकंभरी देवी ने भुरादेव को वचन दिया था कि जो भक्त मेरे दर्शन से पूर्व भूरादेव के दर्शन करेगा तभी उसकी यात्रा पूर्ण होगी। श्रद्धालु भूरादेव पर प्रसाद चढ़ाने के बाद ही शाकंभरी देवी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाते हैं।

# पुत्रदा एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन, नव निर्माणाधीन मंदिर परिसर में सजा दिव्य दरबार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर, श्री झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में भव्य खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम का दिव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया, जहां भक्ति रस में डूबे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ बाबा के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान संजीव कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य) एवं शशी भारद्वाज रहे। उन्होंने परिवार सहित बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया।

आयोजन में नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भजनों पर भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। भजन संध्या में सुबोध गोस्वामी, भावना रानी (अलीपुर अटेरणा), खुशबू राधा (सकौती), राहुल सागर, प्रदीप कुमार (शुक्रताल), दीपक योगी, यश छाबड़ा व हर्ष गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। साथ ही शशि भारद्वाज, ज्योति अरोड़ा, प्रियांशी, भूमि, अंकिता एवं प्रीति ने भी भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संकीर्तन के दौरान मोरछड़ी सेवा की जिम्मेदारी सुनील कुमार (अलीपुर अटेरणा) ने निभाई। जनरेटर की व्यवस्था राजेंद्र जनरेटर



वालों के परिवार द्वारा तथा फूलों की सुंदर सजावट गुलशन फूल भंडार के परिवार की ओर से की गई।

मंच संचालन संजीव कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य) ने किया, जबकि बाबा का भव्य दरबार सीताराम सकोती द्वारा सजाया गया। कार्यक्रम में सुधीर गोयल, तरुण सुरी, संजीव अग्रवाल (जैन मंडी), संदीप अग्रवाल (पीली कोठी), मदन छाबड़ा (वरिष्ठ भाजपा नेता), अनुराग शास्त्री, योगेश वर्मा, अरुण वर्मा, सुनील कुमार, सीताराम, मनोज उपाध्याय, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, शंकर लाल, कमलेश मिश्रा, अमित शिवाच, उपासना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, शशि उपाध्याय, मिथिलेश महेश्वरी, माया देवी, अन्नू पुंडीर (चेयरमैन, ग्रैंड इम्पीरियल बैंक्वेट हॉल), सोनिया शर्मा, आरती देवी, मुनेश देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। संगीत व्यवस्था नटराज ग्रुप, खतौली द्वारा की गई, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। ठंड को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा अलाव की उचित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को जलपान एवं प्रसाद वितरित किया गया।

इत्तिलानामा बनाम रैस्पोन्डैन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये (आर्डर 41 कायदा 14)

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कोर्ट-4 मुजफ्फरनगर**

सिविल अपील संख्या 68 सन 2025 ब्रजपाल पुत्र मेवाराम आयु लगभग 64 वर्ष, निवासी ग्राम हबीबपुर, परगना शिकारपुर, तहसील बुढाना, जिला मुजफ्फरनगर।

......अपीलान्ट/ यादी

बनाम

1:- मुजम्मिल पुत्र मौ0 हनीफ आयु करीब 39 वर्ष, 2:-राशिद, 3:-शाहिद, 4:- सगीर, 5:-शाहरुख पुत्रगण मौ0 हनीफ, 6:-श्रीमति फहमिदा पत्नि मौ0 हनीफ

समस्त निवासीगण ग्राम जौला, डाकखाना खास, परगना व तहसील बुढाना, जिला मुजफ्फरनगर रैस्पोन्डैन्टस/ प्रतिवादीगण अपील बनाराजी डिकी व आदेश अदालत सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नं02 मुजफ्फरनगर तारीखी 29-09-2025, वाद नम्बर 719 सन 2011 ब्रजपाल बनाम हनीफ आदि।

मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिकी अदालत मुकदमा मुन्द्रजा बाला अपीलान्ट ब्रजपाल ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत ने तारीख 06-01-2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद या आपका वकील या कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा मे जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और तजवीज आपकी गैर हाजरी में की जायेगी। आज बतारीख 20/12/2025 मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से

**अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-4 मुजफ्फरनगर।**

# चरथावल में साप्ताहिक पैठ के स्थानांतरण का विरोध

■ समाजसेवी व गणमान्य लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर पंचायत चरथावल क्षेत्र के खुशरोपुर रोड पर प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाली साप्ताहिक पैठ को स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव के विरोध ने जोर पकड़ लिया है। पैठ के संभावित स्थानांतरण को लेकर नगर पंचायत के सभासदों, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, किसान नेताओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिका. रियों में भारी रोष व्याप्त है। सभी ने एकजुट होकर इस निर्णय का विरोध करते हुए इसे गरीब दुक. ानदारों के हितों के खिलाफ बताया है।

विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि वर्षों से खुशरोपुर रोड पर लगने वाली साप्ताहिक पैठ से सैकड़ों छोटे दुकानदारों, ठेला-ड़ और ुटपाथ व्यवसायियों की रोज़ी-रोटी जुड़ी हुई है। आरोप लगाया गया कि पैठ को निजी जमीन पर स्थानांतरित करने का असली उद्देश्य दुकानदारों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूलना और उनका आर्थिक शोषण करना है। सभासदों ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी सूरत में गरीब दुक. ानदारों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।नगर पंचायत के सभासदों और गणमान्य नागरिकों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग निजी लाभ कमाने के उद्देश्य से साप्ताहिक पैठ को निजी भूमि पर लगवाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे न केवल दुकानदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, बल्कि आम जनता को भी आवागमन और खरीदारी में असु. विधा का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर लगने वाली पैठ से व्यवस्था पारदर्शी रहती है और सभी दुकानदारों को समान अवसर मिलता है।विरोध कर रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की कि यदि किसी कारणवश पैठ का स्थानांतरण आवश्यक ही है, तो उसे किसी अन्य सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर किया जाए, ताकि गरीब दुकानदारों का शोषण न हो सके। निजी जमीन पर पैठ लगाए जाने का वे पुरजोर विरोध करेंगे।

इस मुद्दे को लेकर चरथावल क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

किसान नेताओं और सामाजिक संगठनों के प्रति. निधियों ने भी विरोध को समर्थन देते हुए कहा कि यह मामला सीधे-सीधे गरीब और मेहनतकश दुकानदारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से साप्ताहिक पैठ को उसके पुराने व निर्धारित स्थान पर ही लगाए रखने की मांग की। विरोध करने वाले गुल्काम सभासद और वसीम अहमद आसपा ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद साप्ताहिक पैठ को निजी जमीन पर स्थानांतरित किया गया, तो वे मजबूरन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। साथ ही कहा कि जनता के हितों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मंडल- मुजफ्फरनगर**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :** 39/EUDCMZN/2025-26

कार्य का नाम : अधिशासी अभियन्ता (तकनीकी) के अन्तर्गत 06 नग डीजल चलित कामर्शियल वाहन मय ड्राईवर तथा अन्य सामग्री साहित उपलब्ध कराने का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540 | धरोहर राशि: रू0 72500

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 17 जनवरी 2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बघरा वि०ख० बघरा ( मुजफ्फरनगर )**

पत्रांक: 02 **अल्प कालीन निविदा सूचना** दिनांक: 01/1/2026

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 अन्तर्गत ग्राम पंचायत बघरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट स्थापना हेतु दिनांक 01.01.2026 से 07.01.2026 तक पूर्वान्हन 11.00 बजे तक निवादाये आमन्त्रित की जाती हैं तथा 07.01.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तकनिकी बिड सम्बन्धित निविदा समिति के सन्मुख खुली जायेगी। तथा प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत धरोधर धनराशि ग्राम निधि खाता में ट्रासफर कर सन्दंभ अवगत कराना है। डस्ट रिमूवर आदि मशीन के स्पेशिफिकेशन तथा निर्धारित मानकों के अनुसार लो-कास्ट का डिजाइन सहित यूनिट स्थापित करायी जानी है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैण्ट यूनिट निर्माण | 16 लाख | 32000 हजार | 1180.00 | एक माह |

ग्राम प्रधान बघरा ( मुजफ्फरनगर ) सचिव ग्राम पंचायत बघरा ( मुजफ्फरनगर )

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 5295/06.05.20 मे गलती से माता का नाम् स्वाति शर्मा अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम स्वाति है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शिरोमणि शर्मा,**
**निवासी -775 रामपुरी**
**मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम MOHIN मोहिन था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHIN SALMANI मोहिन सलमानी रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHIN SALMANI मोहिन सलमानी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मोहिन सलमानी पुत्र मौ. वसी**
**निवासी-नया सिसोना, नया बस्ती के पास, सिसोना रामपुर**
**मुजफ्फरनगर, यूपी**

## यतेंद्र नागर बने फुगाना सर्किल के नए सीओ

**बुढ़ाना।** बीते दिन फुगाना सर्किल में तैनात पुलिस क्षेत्राधिक. ारी नीरज कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हुए पद पर जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के 24 घंटे से पहले ही पफुगाना सर्किल का नया पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेंद्र नागर को बनाया है। जिन्होंने बृहस्पतिवार के दिन अपने कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार भी संभाल लिया है। सीओ यतेंद्र नागर इससे पहले जानसठ सर्किल में पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर ही तैनात थे। उल्लेखनीय है कि फुगाना



सीओ नीरज कुमार बीती बुधवार के दिन सेवानिवृत्त हो गये थे। अब उनके स्थान पर पफुगाना सर्किल का कार्यभार सीओ यतेंद्र नागर ने संभाल लिया है।

## श्रीराम कॉलेज में नववर्ष 2026 का जोरदार स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम "क्लर्स-2025-26" के तीसरे दिन नववर्ष 2026 का शानदार आगाज रंगारंग कार्यक्रमो के साथ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री, संजीव बालियान, , डीजीएम, पंजाब नेशनल बैंक सर्किल ऑफिस, , राजेन्द्र पॉल, कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन, राकेश टिकैट तथा विशिष्ट अतिथियो में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संजय कुमार वर्मा, प्रसिद्ध समाजसेवी डा नीलम वर्मा, योगी अमृत राज आरोग्यधाम, एजीएम पंजाब नेशनल बैंक सर्किल आफिस सुमित अग्रवाल, एजीएम पंजाब नेशनल बैंक एमसीसी-सर्किल आफिस आरएल दास, मुख्य प्रबंधक अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, नई मंडी एस के आर्या, शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक इंडस्ट्रियल एरिया, उज्जवल दहिया, मुख्य प्रबंधक अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक प्रदीप अरोरा, अध्यक्ष, श्रीराम कॉलेज आफ लॉ टीएस रावत, वरिष्ठ उद्योगपति राजेश जैन, वरिष्ठ समाज सेवी अशोक बाटला, नम्रता त्यागी आदि रहे।

**कार्यालय नेहरू नेत्र चिकित्सालय, मुजफ्फरनगर**

**सूचना/प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नेहरू नेत्र चिकित्सालय, आर्य पुरी, टाउन हॉल के पीछे, मुज़फ्फ़रनगर, मोबाइल संख्या 7900746824 में एक पुरानी निष्प्रयोज्य एक्स-रे मशीन एवं निष्प्रयोज्य जनरेटर की नीलामी, जो जहाँ है जैसा है के आधार पर, दिनाँक 13/01/2026 दिन मंगलवार को अपरान्ह 03:00 से 04:00 बजे तक की जाएगी। इच्छुक जी एस टी होल्डर व्यक्ति / फर्म नीलामी में भाग ले सकते है। उक्त नीलामी के नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में चिकित्सालय के नोटिस बोर्ड पर अथवा प्रात: 10:00 बजे से 03:00 बजे तक चिकित्सालय के पटल प्रभारी से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**समन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब** (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय, तहसील सदर, मुजफ्फरनगर** वाद सं. टी20250955011447 सन् 2025 **अरूज मेहन्दी आदि बनाम नुसरत रियाज आदि** धारा-116 उ. प्र. रा. संहिता मौजा- सैदनंगला 6-ईदगाह संचालक ग्राम सैदनंगला परगना चरथावल, तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर 7-वकील, 8-शकील तहसील 9-सलीम 10-नईम 11-मुनीर 12-मुकीम 13-मोहतसीम पुत्रगण गय्यूर 14-सुगरा पत्नि गय्यूर समस्मत निवासीगण ग्राम सैदनंगला परगना चरथावल तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर...**प्रतिवादीगण**

वादीगण ने आपके नाम नालिश बाबत वाद वास्ते खाता तकसीम हेतू दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो दिनाक 07-01-2026 ई. को 10.00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख माह 12 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर**

# टूटे खम्भे को बदलवाने को ग्रामीणों ने चौरावाला में किया प्रदर्शन



**मोरना।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते गांव चौरावाला गांव मे मुख्य मार्ग सहित अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त खम्बे हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। खम्बो को बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला में अम्बेडकर मोहल्ले में लगा बिजली का खम्बा क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। यह खम्बा नीचे से पूरी तरह गल चुका है और झुकाव की स्थिति में है। चिंता. जनक बात यह है कि इसी खम्बे से हाईटेंशन लाइन जुड़ी हुई है, जिससे जनहानि का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार यह खम्बा एक मोड़ के पास स्थित है, जहां से रोजाना गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गुजरती हैं। यदि किसी दिन ट्रैक्टर-ट्रॉली पोल से टकरा गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, पास में स्थित कृष्णा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थी भी इसी रास्ते से प्रतिदिन आवागमन करते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता व्याप्त है। गुरुवार को मास्टर तेजवीर सिंह, अमित कुमार, चंद्रपाल, नीरज, सोनू, बॉबी कुमार, शिवम कुमार, प्रदीप डीलर, वीरेंद्र शर्मा, निर्दोष कुमार, धर्म सिंह सहित कई ग्रामीणों ने एकत्र होकर क्षतिग्रस्त पोल को तत्काल बदलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द नया पोल लगवाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को मजबूर होंगे।

## सड़क हादसे में चाचा भतीजे घायल, मेरठ रैफर

**बुढ़ाना/फुगाना।** सड़क हादसे में चाचा भतीजे घायल हो गये। जिनको मेरठ रैफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार लोकेंद्र सिंह पुत्र रतन निवासी गांव बहावड़ी ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसका भाई जसवंत और चाचा पालेराम बीती 28 दिसम्बर को अपनी मोटर साईकिल से बुढाना से अपने गांव वापस आ रहे थे। जब वे शाम के समय लोई नहर पुल पर पहुंचे तो सामने से एक तेज रफ्तार एक्सयूवी गाडी के चालक के द्वारा लापरवाही से चलाते हुए हाईवे से गांव की तरफ मोड दी। जिससे हाईवे पर जा रहे मेरे भाई की मोटर साईकिल मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरे भाई और चाचा को काफी चोटें आई ओर मोटर साईकिल टूट गई। मेरे भाई व चाचा का ईलाज एक निजी हस्पताल में चल रहा था। जहां उनको गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है। घायल के भाई लोकेंद्र सिंह ने फुगाना पुलिस से आरोपी गाडी चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर फुगाना पुलिस ने गाडी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## हिन्दू महासभा टीम ने ठंड पीड़ितों को बांटे गर्म कपड़े



**मुजफ्फरनगर।** हिंदू महासभा जन कल्याण ट्रस्ट टीम द्वारा आज शहर के वृद्ध आश्रम शिव चौक भोपा क्तलावर सभी रेन बसेरों में जाकर कड़क की सर्दी में बच्चों बुजुर्गों महिलाओं को गर्म कपड़े वितरित किए इसके अलावा चाय नाश्ता भी कराया गया ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी में अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष साक्षी वर्मा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर एम एस ताज वर एडवोकेट बृजभूषण शर्मा मोहित त्यागी श्रेया सिंह सावन प्रजापति सोना सिंह अमित पहलवान प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे इसके अलावा आज ट्रस्ट का स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया गया और सर सम्मति से निर्णय लिया गया कि शहर में गर्म जुराबे बनियान तथा ग्रम टोपे के साथ-साथ गरमा गरम चाय भी ठंड से बचाव के लिए वितरण किए गए सबसे पहले ट्रस्ट की टीम शहर के वृद्ध आश्रम पहुंची वहां पर बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें ग्रामों के साथ-साथ टॉप वह सोल भेंट की इसके बाद शहर के हृदय स्थल से चौक पर भी सभी को गर्म वस्त्र प्रदान किए गए एवं साथ-साथ कर्मचारियों के साथ नाश्ता भी कराया गया इसके बाद शहर के सभी रेन बसेरा में जाकर गर्म कपड़े वितरित किए गए उसके बाद भोपा रोड रेलवे स्टेशन एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर हिंदू महासभा जन कल्याण ट्रस्ट टीम ने बुजुर्गों महिलाओं एवं बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने कहा कि आज हमारे ट्रस्ट को पूरे 6 वर्ष हो चुके हैं ट्रस्ट के द्वारा सामाजिक एवं धर्म के लिए अनेक कैसे कार्य किए जाते हैं जिससे समाज का उत्थान हो और बेसहारा लोगों को सहायता मिले उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा समय-समय पर जनहित के कार्य किए जाते रहे हैं ट्रस्ट का एक मात्र उद्देश्य है समाज सेवा करना और इस कार्य में हिंदू महासभा जन कल्याण ट्रस्ट पर चढ़कर हिस्सा ले रही हैं

## स्व.मदनलाल की आंखे परिजनों ने की दान

**मुजफ्फरनगर।** रक्तदान के क्षेत्र में जनपद की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति नेत्रदान के क्षेत्र में भी अब उल्लेखनीय कार्य कर रही है, संस्था की प्रेरणा से आज एक और नेत्रदान हुआ है। मरणोपरांत मदन लाल की स्वेच्छा के आधार पर किये गए नेत्र दान, जरूरत मंद के आएंगे काम, स्वर्गगमन के पश्चात भी मदन लाल की आँखे जीवित रहेंगी।मुजफ्फरनगर के गांधी कॉलोनी निवासी मदनलाल गुलाटी ने मृत्यु से पूर्व ही अपने परिवार को नेत्रदान करने के लिए कहा हुआ था लगभग 2 वर्ष पूर्व उनकी धर्मपत्नी का भी निधन हो गया था। उस समय भी समर्पित युवा समिति के माध्यम से परिवार ने नेत्रदान कर के दो लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान की थी, अब मदन लाल गुलाटी की मृत्यु के बाद भी उनके पुत्रों राकेश गुलाटी, राजीव गुलाटी एवं पुत्रीयों ने सर्वसम्मति से पिता के नेत्रदान का फैसला किया।मृतक के पुत्र राजीव ने समर्पित युवा समिति के सदस्य अमित पटपटिया से संपर्क किया तो तुरंत ही समर्पित युवा समिति ने मुजक्तरनगर मेडिकल कॉलेज बेगराजपुर की नेत्र विभाग टीम से संपर्क किया। कुछ ही समय में आकर प्रशिक्षित डॉक्टरो की टीम ने स्व. मदन लाल की कॉर्निया बड़ी सावधानी पूर्वक निकाली जिसे शीघ्र ही 2 सुपात्र व्यक्तियों को प्रत्यारोपित कर दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नौवें दिन भी नहीं लग पाया किशोर का सुराग

**बुढ़ाना।** नौवें दिन बीत जाने के बाद भी 15 साल के किशोर का कोई सुराग नहीं लग पाया। किशोर ने नये जूतों को लेकर अपनी दादी से कहासुनी कर ली थी। जिसके चलते वह उसी दिन से गायब है। पुलिस ने भी किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सलीम पुत्र बशीर निवासी मौहल्ला मिर्जा चक्की वाली गली चन्धेडी रोड भारत हाल कस्बा बुढाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 24 दिसम्बर की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे मेरा लगभग 15 साल का भतीजा समीर पुत्र शमसाद निवासी मिर्जा चक्की वाली गली चन्धेडी रोड भारत होल बुढाना अपने घर पर दादी से नये जूतों को लेकर कहासुनी होने की वजह से घर से निकल गया था। तभी से हम लोग मेरे भतीजे को सभी जगह हर रिश्तेदारी में तलाश कर रहे हैं लेकिन अभी तक भी मेरा भतीजा कही नही मिला है। गायब बच्चे के चाचा सलीम ने पुलिस से अपने भतीजे समीर की सकुशल बरामदगी की मांग की है वहीं बुढ़ाना पुलिस ने गायब किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरु कर दी है। उधर परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल है।

### छत पर चढ़े युवक पर बंदरों ने किया हमला

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। अभी बीती 28 दिसम्बर को उत्पाती बंदरो ने एक महिला पर हमला बोल दिया था। आज पिफर बंदरों ने अपने घर की छत पर चढ़े एक युवक पर हमला बोलकर युवक को घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला सर्राफा बाजार निवासी इस्लाह सिद्दीकी पुत्र मरहूम पिफरोजुद्दीन बृहस्पतिवार के दिन अपने घर की छत पर टेंकर से रिस रहे पानी को देखने के लिए गये थे कि अचानक से बंदरों के झुण्ड ने इस्लाह को अकेला देखकर घेर लिया और उन पर हमला बोल दिया। जिसमें इस्लाह बंदरों से पिंड छुड़ाते हुए जीने के सहारे नीचे की और तेजी से भागे तो वह पिफसलकर गिर गये। जिसमें उनको चोट लग गयी। उनको मौहल्ले के एक चिकित्सक के यहां ले जाकर परिजनों ने उपचार दिलाया। बताया जाता है कि कस्बे और गांवों में दिन प्रतिदिन बंदरों की समस्या बढ़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई भी कार्रवाई प्रशासन के द्वारा नहीं की गई। बस पिछले वर्ष बुढ़ाना नगर पंचायत ने बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया था लेकिन पिफर से बंदरों की संख्या में जबरदस्त इजापफा हो गया। नागरिकों ने बुढ़ाना नगर पंचायत से पिफर से बंदरों को पकड़ने की मांग की है क्योंकि इन बंदरों ने सभी का जीना हराम कर दिया है।

### नववर्ष 2026 पर हवन, भंडारा व खिचड़ी प्रसाद का आयोजन



**मीरापुर।** नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मीरापुर में धार्मिक व सामाजिक आयोजनों की धूम रही। शिव शक्ति कालोनी स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर में हवन व भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह विधिवत हवन संपन्न हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अभिषेक काम्बोज, दिनेश, दीपक काम्बोज, अंकुर काम्बोज, धर्मपाल ठाकुर और डा. कमल विश्वास का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बीजेपी मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, अजीत तितोरिया, रूप सिंह प्रजापति, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष विकास कौशिक, वैध प्रदुमन शर्मा, मोहन सैनी, सचिन कुमार, आरिफ सैफी, शानू, रवि सैनी, सागर सैनी, पारस, डा. अशोक, हर्ष कश्यप, गौरव सैनी और दीपक सैनी का सहयोग रहा।

### प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरी का पांचवां दिन, नगर में गूंजा गुरबाणी का स्वर

**खतौली।** नगर में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी का पांचवां दिन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। प्रभात फेरी की शुरुआत गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, रेलवे क्रॉसिंग से हुई। फेरी पंजाबी कॉलोनी गली नंबर तीन, रेलवे रोड, सैनी नगर, नगर पालिका रोड, जीटी रोड, जुम्मा पीठ रोड, ढकन चौक और मोहल्ला लाल मोहम्मद से होते हुए गुरुद्वारा श्री माता राम मूर्ति पहुंची। यहां सरदार वीरेंद्र सिंह बिल्लू परिवार की ओर से चाय-नाश्ते के प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर ज्ञानी सोहन सिंह ने शब्द कीर्तन का पाठ कर संगत को निहाल किया। इसके उपरांत प्रभात फेरी विधि बड़ा जानसठ ओवरब्रिज से होते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, जानसठ रोड पहुंची, जहां प्रभात फेरी को पूर्ण विश्राम दिया गया। गुरुद्वारे में ज्ञानी जनक सिंह द्वारा शब्द कीर्तन का पाठ किया गया। इसके बाद एडवोकेट हरविंदर सिंह की ओर से संगत को चाय-नाश्ते का प्रसाद वितरित किया गया। प्रभात फेरी में ज्ञानी सोहन सिंह, ज्ञानी जनक सिंह, सरदार वीरेंद्र सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार सतपाल पाली, सरदार जसवीर सिंह, सरदार गुरजिंदर सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार मनप्रीत सिंह, सरदार मन्नू, सरदार मंजीत सिंह, सरदार ईश्वर सिंह, सरदार मनप्रीत सिंह, विद्याभूषण साहनी, राजीव ग्रोवर, हरबंस लाल सलूजा, नितिन ग्रोवर, सरदार टीनू, गौरी शंकर, गौरी, गौरव सलूजा, सरदार उन्मूलक सिंह, आशीष रावल, विनोद और चुन्नीलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। नगर में प्रभात फेरी के दौरान गुरबाणी की मधुर वाणी से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### वहलना में मंत्री कपिल देव ने किया विद्या प्रणम्य सभागार का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना की पावन धरा पर जैन मुनि श्री 108 प्रणमय सागर जी महाराज के चरण प्रक्षाल्न कर भव्य आगवानी की गई हुआ। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत बडी संख्या में भक्तों ने नए साल पर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान मंत्री अग्रवाल ने मंदिर परिसर में बने विद्या प्रणम्य सभागार का लोकार्पण भी किया। मुनि श्री के सानिध्य में पार्श्व प्रभु के समक्ष कल्याण मंदिर स्त्रोत दीप अर्चन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने **रात्रि में प्रसिद्ध कवि युगल सौरभ जैन:**सुमन व डा. अनामिका जैन अम्बर के काव्य पाठ व भजनों के माध्यम से कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें अनेकों कवियों मच पर अपने काव्य पाठ से हजारों की संख्या में बैठे श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। **कल्याण हेतु गुनि श्री के सानिध्य में वर्धगगन:** स्त्रोत विधान का आयोजन हुआ। विधान में पात्रों का चयन बोली द्वारा हुआ। इसी के साथ नई वेदों का भी शिलान्यास हुआ। हजारों की संख्या में श्राव्क व श्राविकाओं ने सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल रहे। राज्य मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के माध्यम से वहलना मंदिर क्षेत्र में नवनिर्मित एक भव्य हाल विद्या प्रणम्य सभागार का लोकार्पण भी किया गया।

# बीआईटी में नववर्ष पर हवन के बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस में नववर्ष के पावन अवसर पर हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, जीएम फाइनेंस ऑफिसर सीए दुष्यन्त कुमार, प्राचार्य डॉ. विजया डी एवं सचिन सिंहल, डीन डॉ. अजय सिंह, डॉ. कावेंद यादव आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। हवन के माध्यम से नववर्ष में संस्थान की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं समाज कल्याण की कामना की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। संस्थान के चेयरमेन डॉ अनिल सिंह ने अपने संबोधन में नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करता है, बल्कि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं अनुशासन की भावना भी विकसित करता है। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# दयानंद इंटर कॉलेज में यज्ञ कर किया नववर्ष का स्वागत



**बुढ़ाना।** दयानंद इंटर कालेज बुढ़ाना के समस्त परिवार द्वारा हवनघ यज्ञ में आहुतियां देकर नववर्ष का स्वागत किया गया और साथ ही विश्व कल्याण व सुख समृद्धि की कामना भी की गई।

युवाओं को पश्चिमी सभ्यता छोड़कर भारतीय संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया। बृहस्पतिवार को कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत रोड पर स्थित दयानन्द इण्टर कालिज बुढाना में यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें नये वर्ष का स्वागत कर लोगों के स्वास्थ्य उन्नति की कामना कर गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र व रुद्राय मंत्र आदि वेदमंत्रों के साथ विश्व कल्याण और सुख समृद्धि के लिए यज्ञ में आहुतियां दी गई। यहां हुई विचार गोष्ठी में युवाओं को पश्चिमी सभ्यता छोड़ भारतीय संस्कृति अपनाने को कहा। कालेज संचालिका श्रीमति उमेश सहरावत ने कहा कि देश के युवा तेजी से पश्चिमी सभ्यता की ओर मुड़ रहे हैं। यह देश को गर्त में ले जाने वाला संकेत है। अगर समय रहते युवा नहीं चेते तो हम बहुत पीछे चले जायेंगे और हमारे देश का पतन हो जायेगा। हमें देश की संस्कृति को बचाने के लिए बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार देने होंगे। बच्चों को अच्छे संस्कार देने को माता पिता का संस्कारित होना जरुरी हैं। जब मां पिता ही संस्कारित नहीं होंगे तो बच्चों को संस्कार कैसे दे सकते हैं। प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने सबको नववर्ष की शुभकामनाएं दी। यहां प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सोनू कुमार, नितिन शर्मा, हरेंद्र सिंह, अनिता, अनुज वेदवान, दीपा, रजनी, सीमा, सुनीता मौजूद रहे।

# भाकियू संगठन को मजबूत करने पर दिया बल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद में भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान के आवास पर आयोजित की गयी। जिसमें संगठन को मजबूत करने पर गहन विचार विमर्श किया गया। इससे पहले यहां पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक दूसरे को नव वर्ष की भी मुबारक. बाद दी। यहां पर आगामी आंदोलन के बारे में भी चर्चा की गयी और कहा कि भाकियू कभी भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन की घोषणा कर सकती है। यहां अनुज बालियान ने कहा कि भाकियू हमेशा से किसानों की समस्याओं के प्रति बहुत ही गंभीर रही है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष सुले चौधरी, पिंटू बालियान, नसीम अहमद, साबिर अहमद, वारिस चौधरी, मौहम्मद अब्दुल्ला ग्राम अध्यक्ष जोगियाखेड़ा, मंजूर राणा, वसीयत चौधरी, विनय कुमार और इरशाद राणा आदि भाकियू कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही।

## नगरवासियों की तो हो गई बल्ले बल्ले.........

# भारत चौक पर शुरु हुई फ्री वाई फाई सेवा



**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के सौजन्य से बृहस्पतिवार की सायं से बुढ़ाना कस्बे के व्यस्तम एरिए भारत चौक पर फी वाई फाई सेवा शुरू हो गयी है। जिसको लेकर खासकर युवा वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गयी और उन्होंने चेयरपर्सन उमा त्यागी कोशल का जमकर आभार जताया और कहा कि उन्होंने युवा वर्ग को जो राहत देने का कार्य किया है वह काबिल ए तारीफ है। अब वे इस सेवा के माध्यम से अपने मोबाइल के जरिए अपनी पढ़ाई पर फोकस कर सकेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल ने बृहसृपतिवार के दिन सैंकडो गणमान्य लोगों की उपस्थिति में बुढ़ाना कस्बे के भारत टॉकीज चौराहे पर कस्बे के लोगों को नववर्ष की सौगात फी में देते हुए फी वाई फाई सेवा का शुभारंभ किया। कस्बे में अब दो स्थान पर फी वाई फाई सेवा चालू हो चुकी है। जल्द ही कुछ और स्थानों पर भी यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। इस संबंध में नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल ने बताया कि फी वाई फाई सेवा का लाभ आवश्यक कार्यों के लिए लोगों को बहुत ही फायदेमंद साबित होगा। खासकर छात्र और छात्राओं को नोट्स आदि डाउनलोड करने में पूरी मदद मिलेगी। फिलहाल की व्यवस्था के अनुसार एक मोबाइल फोन या लैपटॉप आदि पर 24 घंटे में एक घंटे के लिए कनेक्ट होगा। इस एक घंटे में अनलिमिटेड इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की बुढ़ाना ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, दीपक प्रजापति, अब्दुल हमीद, सलीम अहमद, अंकित त्यागी, अवि त्यागी, अहसान सैफी, उमरेज सिद्दीकी और यूसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व ही बुढ़ाना कस्बे की कुरैशीयान पुलिया पर भी फी वाई फाई सेवा शुरू हुई थी जो अब तक सही तरीके से चल रही है। कुल मिलाकर नगर पंचायत बुढ़ाना की इस सेवा की सभी नागरिकों के द्वारा सराहना की जा रही है।



**मुजफ्फरनगर:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाक़ात कर नववर्ष की शुभकामनाएँ देते माजिद सिद्दीकी।

# सौन्दर्यकरण के बाद गोपनीय कार्यालय का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कैम्प कार्यालय स्थित गोपनीय कार्यालय का जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण कराकर किया गया उदघाटन।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा कैम्प कार्यालय स्थित गोपनीय कार्यालय का जीर्णोद्धार/सौन्दर्यकरण कराकर व फीता काटकर उदघाटन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ के मिश्रा, समस्त क्षेत्राधिकारी प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिला न्यायालय के सेंट्रल हॉल में प्रदीप गुप्ता की सेवानिवृत्ति पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** जिला जज वीरेन्द्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य, परिवार न्यायालय प्रथम के न्यायाधीश देव प्रताप सिंह की अध्यक्षता, प्रभारी अधिकारी नज़ारत, अपर जिला जज निशांत सिंगला के सानिध्य व आनन्द कुमार सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त होने पर प्रदीप गुप्ता का जिला न्यायालय के सेंट्रल हॉल में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित कर उनकी 35 साल की सेवा पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

जिला जज वीरेन्द्र कुमार सिंह व अन्य उपस्थित जजों ने सेवानिवृत हुए प्रदीप गुप्ता के व्यावहार, आचरण एवं कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए दीर्घायु होने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम आयोजन में दिवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमर दीप सिंह, सचिव कपिलदेव शर्मा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ शाखा सिविल कोर्ट मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष विपिन बालियान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, महासचिव आनन्द कुमार सिंह, तेजवीर सिंह, पवन कुमार, सागर बालियान, अजय पाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, सचिन कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए न्यायालय कमह्ल प्रदीप गुप्ता के जिला न्यायालय में कार्यरत पुत्र नितिन गोयल, भाई बसन्त कुमार गोयल, सचिव इंजी. नियर्स क्लब, जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा, आशुलि. पिक प्रवीण सिंघल आदि उपस्थित रहे ।

# विधार्थी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे आचरण और नैतिक मूल्यों को भी अपनाएं: मोलाना अल्लाह मेहर

**मीरापुर।** कस्बे के मदरसा इस्लामिया जामिया में अंजुमन बज्म-ए-यूसफु कार्यक्रम सादगी और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक, भाषाई और नैतिक क्षमताओं को मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर मदरसे के कुल 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने-अपने भाषण व नज्म प्रस्तुत कर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया।

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, विषय की गहरी समझ और भाषा की स्पष्टता साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य अतिथियों ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना अल्लाह मेहर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे आचरण और नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ चरित्र का निर्माण ही सच्ची सफलता की कुंजी है। इसके बाद मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद अरशद ने मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया।

मदरसे के अध्यक्ष आफताब आलम ने विद्यार्थियों से कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कुल सात विद्यार्थियों ने उच्च अंकों के साथ स्थान प्राप्त किया, जिनमें फरहान ने प्रथम, महताब ने द्वितीय और मेराज ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ हुआ।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मानकों के साथ पूरी हों परियोजनाएं: मनीष

## मां शाकम्भरी क्षेत्र में जिलाधिकारी का निर्माणाधीन पर्यटन विकास की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा सिद्धपीठ माँ शाकंभरी देवी धाम क्षेत्र में निर्माणाधीन पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शाकम्भरी देवी शक्तिपीठ में टीएफसी, पार्किंग, लैण्डस्केपिंग, फुटपाथ, म्यूरल, स्कल्पचर्स, वाटर फाउंटेन, बाउंड्री वाल, टायलेट ब्लाक एवं शोविनयर शाप का निर्माण कार्य, पदयात्रा मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास कार्य, साइनेज की स्थापना का कार्य, प्रकाश व्यवस्था के कार्य, प्रवेश द्वार कांप्लेक्स का निर्माण कार्य, ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य आदि को देखा। शाकम्भरी सिद्धपीठ में निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था यू.पी. सी एंड डी एस को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री उच्च गुणवत्ता की हो तथा निर्माण कार्य फिनिशिंग के साथ संपन्न हों।





जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सोवे. नियर शॉप के पास पार्किंग सुनिश्चित की जाए। प्रवेशद्वार काम्प्लेक्स के समीप निर्माणाधीन टीएफसी, ओपन एयर थिएटर तथा बहु स्तरीय कार पार्किंग के निर्माण में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग करते हुए मानकों के अनुसार ससमय परियोजनाओं को पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्माण स्थल पर कार्यदायी संस्था की अस्थाई लैब में निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री का परीक्षण भी किया गया। पदयात्रा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के संबंध में निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पदयात्रा मार्ग पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो ताकि जलभराव ना हो। कार्य को फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर सहित संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकारों में गौवंश पूरी तरह सुरक्षित : मुकेश चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम चौरा कलां में बनाई गई अस्थाई कान्हा गौशाला का लोकार्पण प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया।

गुरुवार को कान्हा गौशाला के लोकार्पण अवसर पर चौरा कलां में पहुंचे नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए निराश्रित पशुओं के लिए अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी गोवंश बेसहारा होकर सड़कों पर न घुमे गौमाता व उसके वंश को सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि गाय माता का दूध अमृत के समान है, गौ माता की जितनी भी सेवा हो उतनी ही कम है।

उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा परिवारवाद की पार्टी है सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जहां पर हर एक कार्यकर्ता का सम्मान होता है। मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने भी अपने विचार रख सरकार की उपलब्धिया गिनाई। इस अवसर पर पूर्व सभासद सुधीर कुमार बब्बल जैन, सौरभ कांबोज, प्रवीन सैनी, ग्राम प्रधान शबनम, समरयाब प्रधान, पूर्व प्रधान निसार अहमद, प्रधान राव अब्दुल हई, नगर पंचायत सभासद अनुपम जैन, अमजद गौर, बाबूराव, सचिन कांबोज आदि मौजूद रहे।



# एसएसपी आशीष तिवारी को मिली डीआईजी पद पर पदोन्नति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी को पदोन्नत करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक बनाया गया है।

आज पुलिस लाईन में आयोजित समारोह में एसएसपी आशीष तिवारी के कंधों पर अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन भानू भास्कर एवं मेरठ परिक्षेत्र के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने श्री तिवारी के कंधों पर पर प्रतीक चिन्ह (स्टार) लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसएसपी श्री तिवारी को जनपद में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य, सफल कार्यकाल एवं उत्कृष्ट नेतृत्व कामना की है।




## चार मोबाइल समेत शातिर पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से 4 मोबाइल व एक नाजायज चाकू बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, उपनिरीक्षक अतुल कुमार व उपनि. रीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश इकराम उर्फ काला पुत्र सलीम निवासी बेलड़ा जुनारदार थाना नागल को रेलवे स्टेशन से मालगोदाम वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक नाजायज चाकू व 4 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। दबोचा गया आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है।

# पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद पुलिस का भयंकर ठंड एवं कोहरे के चलते सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान जारी है।

देर रात तक जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने हाइवे, व्यस्तम मार्गों एवं टोल टैक्स आदि स्थानों पर रात्रिकालीन सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा हाईवे पर सड़क किनारे बने ढाबों, चौराहों एवं तिराहों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है। साथ ही सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। केवल निर्धारित स्थानों ढाबों, होटलों एवं पेट्रोल पम्पों सहित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों खड़े करने के लिए जागरूक किया गया।



पुलिस द्वारा शुगर मिलों में गन्ने की ढुलाई करने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे है जिसके तहत रिफ्लेक्टिव टेप अथवा पेंट किया जा रहा है ताकि रात्रि में पीछे से आने वाले वाहन उन्हें आसानी से देख सकें। टोल प्लाजा पर पीएम सिस्टम के माध्यम से कोहरा एवं दुर्घटना से बचाव हेतु सुरक्षा संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। सड़क पर दुर्घटना के संभावित स्थानों पर रिफ्लेक्टिव टेप, साइन बोर्ड एवं संकेतक पट्टिकाएं लगाई जा रही हैं। एसएसपी के निर्देश पर एक्सीडेंट मित्र योजना के तहत थाना स्तर पर एक्सीडेंट मित्र टीम गठित की गई है जो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान करेंगे। हाइवे पर एम्बुलेंस की भी समुचित व्यवस्था की गई है। एसएसपी आशीष तिवारी ने जनपदवा. सियों से अपील करते हुए कहा कि कोहरे एवं ठंड के चलते अपने वाहनों को सावधानीपूर्वक निर्धारित गति सीमा में चलाएं तथा यातायात सम्बंधी नियमों का पालन करते हुए सुखद एवं सुरक्षित यात्रा करें।



बेहट रोड स्थित श्री बालाजी धाम में नववर्ष के मौके पर भजन गाते श्रद्धालु।

# नववर्ष के जशन को लेकर सतर्क रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नए साल 2026 का सहारनपुर में उत्साह और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही घड़ी की सुइयों ने रात 12 बजने का संकेत दिया। शहर भर में जश्न का माहौल बन गया। संगीत की धुनों पर झूमते लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों, सभी में नए साल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

बुधवार रात तापमान करीब पांच डिग्री सेल्सियस रहा। सर्द हवाओं के बावजूद जश्न का जोश ठंड पर भारी पड़ा। शहर के होटल, रिसोर्ट और बैंक्वेट हॉल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां डीजे और साज-बाज के साथ लोगों ने जमकर मस्ती की। दिल्ली रोड, अंबाला रोड, देहरादून रोड, जीपीओ रोड और कोर्ट रोड स्थित होटल व बैंक्वेट हॉल आकर्षक सजावट से सजे नजर आए। नववर्ष के मौके पर शहर पूरी तरह जश्न के रंग में रंगा रहा।



देर रात सैकड़ों की संख्या में लोग शहर के प्रमुख घंटाघर चौक पर एकत्र हुए और बड़े उत्साह के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत किया। युवाओं में खासा जोश देखने को मिला, वहीं परिवार और बुजुर्ग भी खुशी में शामिल रहे। घंटाघर चौक पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को सख्ती दिखानी पड़ी। पुलिस ने युवकों को अनुशासन बनाए रखने और भीड़ न बढ़ाने की हिदायत दी, लेकिन कुछ युवकों द्वारा लगातार भीड़ बढ़ाने की को. शिश की गई। इसके बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए युवकों को दौड़ा दिया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, पुलिस ने जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। नववर्ष के जश्न के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। घंटाघर चौक सहित आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और पूरी रात निगरानी की जाती रही।

## शराब तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोतल अवैध देशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री, तस्करी एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं इस धंधे में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर शराब तस्कर मोहसिन उर्फ लिलवा पुत्र यूसुफ को मानकमऊ नहर पटरी थरौली जाने वाले रास्ते से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोतल अवैश देशी शराब बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# बालाजी के दर्शन कर मनाया नववर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में नव वर्ष के आगमन पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए।

बेहट रोड स्थित धाम में संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नव वर्ष के प्रथम दिन महापौर डॉक्टर अजय सिंह, पार्षद मयंक गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा राकेश जैन, पार्षद मुकेश गखड़ पार्षद अभिषेक टिंकू, पार्षद गौरव कपिल ने भी बालाजी महाराज के दर्शन किए। बालाजी महाराज को भोग प्रशाद नगर निगम कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के द्वारा लगाया गया।



कार्यक्रम में भक्तो द्वारा भजनों के द्वारा बालाजी महाराज का गुणगान किया गया। इस अवसर पर अतुल जोशी महाराज ने कहा कि वैसे तो सनातन सभ्यता का नव वर्ष चैत्र नवरात्रि से प्रारम्भ होता है परंतु पूर्ण विश्व मे सर्वप्रचलित होने के कारण 1 जनवरी को भी नव वर्ष मनाया जाता है। आज हम सबको आगामी वर्ष में एक सुद्ध संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जिससे हम अपने परिवार और समाज की सेवा कर सके।

# श्री साई सिद्धपीठ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री साई सिद्ध पीठ मन्दिर में नव वर्ष उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बेहट रोड स्थित मंदिर में प्रात: बाबा का स्नान 21 सुगंधित द्रव्यो से किया गया। उसके पश्चात बाबा को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। धूनी पूजन के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें असंख्य भक्तों ने बाबा का भोजन प्रसादी ग्रहण किया। दोपहर से साईं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्त बाबा के भजनों पर झूम उठे। श्री साई सिद्ध पीठ मंदिर के ट्रस्टी विनीत कर्णवाल, अल्का कर्णवाल ने बताया कि साईं मंदिर प्रांगण में श्री महाकाल, श्री पंचमुखी हनुमान एवं श्री खाटू श्याम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा बहुत ही जल्द होने जा रही है। मंदिर भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। साईं भक्तों द्वारा मंदिर की सुंदर व्यवस्था बनाई गई। इस शुभ अवसर पर महापौर डॉ अजय सिंह, राजीव शर्मा, राजीव सेतिया, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, प्रथम महापौर संजीव वालिया ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।





इस शुभ अवसर पर आशू जैन, डॉ. आरव के. शर्मा, ललित अग्रवाल, सुनील गोयल, सचिन पुरी, चनिक अरोड़ा, कर्मवीर सिंह, देवांश जैन, अमन गुप्ता, सुनील अरोड़ा, टोनी राणा, अजय जैन राजवीर सैनी आदि भक्त मौजूद रहे।

# ऋषिपाल सिंह राठौर को कृभकों ने किया राज्य प्रबंधक नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कृषक भारती को-ऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) ने अपने संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करते हुए ऋषिपाल सिंह राठौर को उत्तर प्रदेश का राज्य प्रबंधक नियुक्त किया है।



ऋषि पालसिंह राठौर देवबंद क्षेत्र के ग्राम सांपला बेगमपुर के एक किसान परिवार हैं जो नई ऊंचाइयों को छूते हुए जनपद सहारनपुर का नाम रोशन कर रहे हैं। ऋषिपाल सिंह राठौर ने कृषि विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई 1996 में करने के बाद कृभको संस्था में योगदान करते हुए पंजाब व हरियाणा प्रदेश के कई पदों पर कार्य किया। साथ ही पश्चिम बंगाल में राज्य विपणन प्रबंधक के पद पर रहते हुए आज कृभको उत्तर प्रदेश में राज्य प्रबंधक का कार्यभार लखनऊ कार्यालय में संभाला है। श्री राठौर को विपणन क्षेत्र में 30 वर्षों का प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव प्राप्त है। कृभको प्रबंधन ने इस अवसर पर आशा व्यक्त की कि ऋषिपाल सिंह राठौर के अनुभव एवं दक्षता से संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# विश्व कल्याण के लिए सामूहिक यज्ञ



**सहारनपुर।** अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, खालापार मटिया महल, सहारनपुर में प्रबुद्ध समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं विश्व कल्याण के लिए सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा, समाज और राजनीति से जुड़े गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर नववर्ष को सेवा, सद्भाव और कल्याण के संकल्प के साथ मनाया। कार्यक्रम में संस्था के प्रबंधक आनंद प्रकाश शर्मा, अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा, संजय शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष त्यागी, नगर सचिव मयंक शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक छोटेलाल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राकेश वत्स, वरिष्ठ समा. जसेवी धर्मपाल जोशी, वरिष्ठ शिक्षक एवं विद्यालय प्रमुख समिति सदस्य राम नरेश शर्मा, शिक्षक दीपक शर्मा, श्रीकांत शर्मा, संजीव कुमार, उत्तर प्रदेश क्षत्रीय महासभा के जिला अध्यक्ष एवं माध्यमिक शिक्षा जनपद सहारनपुर के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पुंडीर, वरिष्ठ शिक्षक सोम प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रविंद्र कुमार शर्मा 'गुरुजी' तथा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बृजेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने विश्व शांति, समृद्धि और मानव कल्याण की कामना के साथ सामूहिक यज्ञ में आहुति दी तथा एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# 4 जनवरी से शुरू होगा स्टेडियम में फुटबाल टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय हसीन अहमद मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 4 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता अंडर-14 एवं अंडर-17 बालक वर्ग में इंटर डिस्ट्रिक्ट स्तर पर आयोजित होगी। एक दिवसीय इस टूर्नामेंट में दोनों वर्गों को मिलाकर जनपद की लगभग 40 टीमें प्रतिभाग करेंगी। यह प्रतियोगिता वरिष्ठ एवं उत्कृष्ट फुटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय हसीन अहमद की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिन्होंने जिले में फुटबॉल के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया।

सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समीर खान ने बताया कि टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य जिले के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को अपनी स्किल्स दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा। अंडर-17 वर्ग के लिए कट-ऑफ तिथि 1 जनवरी 2009 तथा अंडर-14 वर्ग के लिए कट-ऑफ 1 जनवरी 2012 निर्धारित की गई है। टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु प्रवेश की अंतिम 3 जनवरी रखी गई है।

इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एस.जे.एस. टाटा मोटर्स के जनरल मैनेजर दीपक लुथरा होंगे। आशुतोष कुमार (सह-सचिव), शाकिर अंसारी, एवं मोहम्मद तैयब (अध्यक्ष, सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन एवं उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ) द्वारा दी गई।

**सहारनपुर।** डिवाइन एंजेल कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुति दी गई।

